>

Title: Request to change the name of Mumbai Central Terminal to Nana Shankar Sheth Terminal.

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): धन्यवाद अध्यक्ष महोदय । एक विषय, जिसको मैं पिछले सात सालों से उठाता आया हूँ । आप जानते हैं कि हिन्दुस्तान में और पूरे एशिया में वर्ष 1845 में जीआईपी (ग्रेट इंडियन पेनिनसुला) रेलवे की स्थापना हुई थी और 16 अप्रैल 1853 में पहली रेल वर्तमान में मुम्बई के छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से ठाणे तक चलाई गई थी । इसकी स्थापना हमारे ग्रेट विजनरी लीडर नाना शंकरसेठ जी ने की थी । वंदनीय शिवसेना प्रमुख बाला साहब ठाकरे जी ने यह मांग की थी कि इस स्टेशन को उनका नाम दिया जाए । बाद, में छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम आ गया तो वह रह गया । अब उसके लिए फिर से मांग उठ रही है । मैं यह मांग पिछले सात सालों से कर रहा हूं कि मुम्बई सेंट्रल टर्मिनल का नाम नाना शंकरसेठ मुम्बई सेंट्रल टर्मिनल कर दिया जाए । 10 फरवरी को उनका जन्मदिन है । मैं प्रार्थना करता हूं कि अगर यह काम उसके पहले हो जाए तो मैं बहुत-बहुत शुक्रिया अदा करूंगा । मैं सरकार से प्रार्थना करता हूं कि मुम्बई सेंट्रल टर्मिनल को नाना शंकरसेठ टर्मिनल का नाम दिया जाए । उन्होंने हमारे देश पर उपकार किया था । एशिया में जो पहली रेल चलाई गई थी, वह उन्होंने ही चलाई थी । उनके खुद के घर को कार्यलय के लिए दे दिया गया था । इसलिए, उक्त टर्मिनल को नाना शंकरसेठ जी का नाम देने की कृपा करें । धन्यवाद ।